भर्ती हेतु सूचना

आंकड़ा विश्लेषक (डेटा एनालिस्ट) (एनसीडी) (2 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार परउपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

1. राज्यों से डेटा संग्रह करना और राज्यों की कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए उनका विश्लेषण करना।
2. डेटाबेस में डेटा की प्रविष्टि करना।
3. निर्णय लेने हेतु उच्च अधिकारियों को डेटा विश्लेषण के परिणाम भेजना।
4. कर्मचारियों को नई पद्धतियों के बारे में प्रशिक्षण देना या नई तकनीक की स्थापना में सहायता करना।
5. जब भी आवश्यकता हो, बुनियादी तकनीकी सहायता करना।
6. समय–समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- कंप्यूटर अप्लीकेशन में डिप्लोमा/डिग्री सहित स्नातक उपाधि।
- मुख्यतः स्वास्थ्य क्षेत्रमें डेटाबेस एवं वर्कशीट प्रबंध का न्यूनतम 2 वर्षों का सुसंगतकार्य अनुभव।

आयु सीमाः 40 वर्ष तक।
पारिश्रमिकः 20,000–30,000/– रु. प्रतिमाह (समेकित)।
रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।
नोटः

(i) आवेदनकर्ता को डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट के उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदनकर्ता को निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए बड़े पैमाने पर दौरे करने में सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
(iv) कार्यकालः 31 मार्च, 2017 तक।
(v) पारिश्रमिक, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में नियत किया जाएगा।

नोटः कार्यकाल, वरीयता और परस्पर सहमत नियम एवं शर्तों के अनुसार नियमानुसार एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ncd.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**